हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, बुधवार,20 दिसंबर 2023

तापमान
अधिकतम 22.3 डिग्री
न्यूनतम 6.6 डिग्री

**खबर संक्षेप**

### जाली आईडी बनाने वाला आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सोशल मीडिया पर जाली आईडी बना कर अभद्र टिप्पणी के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक कुमार को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को जमानत पर रिहा कर दिया है। पीड़ित महिला ने 15 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी अभिषेक कुमार ने सोशल मीडिया पर जाली आईडी बना कर अभद्र टिप्पणी करने का आरोप लगाया था।

### सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में काबू

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज सड़क दुर्घटना में हुई मौत के मामले में पुलिस ने आरोपी किरणपाल को गिरफ्तार किया है। पीड़ित महिला ने 16 दिसंबर 2023 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि गांव टमनौली के पास आरोपी कार चालक ने उसके पति की बाइक को टक्कर मार दी थी। हादसे में उसके पति तथा उसकी गर्भवती पुत्रवधु की मौत हो गई । इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बदमाशों ने बेहोश कर गाड़ी व नकदी लूटा

**घरौंडा।** कोहण्ड के निकट हाईवे पर भारत पट्रोल पंप के पास एक चालक को बेहोश कर चार युवकों ने उसकी गाड़ी, मोबाइल फोन व नकदी छीन कर फरार हो गए। मथुरा निवासी मिथुन ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि उसकी गाड़ी भारत पट्रोल पंप के पास खड़ी थी। इसी दौरान चार युवको ने उन्हें बेहोश कर दिया ओर उनकी गाड़ी, लगभग 15 हजार की नगदी, एटीएम, तीन मोबाइल व अन्य सामान छीन कर ले गए।

### नकली शराब बेचने के मामले में दो गिरफ्तार

**अंबाला।** कुछ रोज पहले मुलाना एरिया में पकड़ी शराब की अवैध फैक्टरी में तैयार होने वाली नकली शराब पर जाली रैपर लगाकर बेचने के मामले में आरोपी गौरव कुमार व निशांत को काबू किया है। अब पुलिस ने आरोपियों को जेल भेज दिया है।

### दहेज उत्पीड़न के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना सदर अंबाला में दर्ज दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक को काबू किया है। अब उसे शामिल जांच कर रिहा कर दिया है।







# लोक कलाकारों के वाद्य यंत्रों की धुनों ने बदली फिजा

## ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर कहीं जंगम जोगी, कहीं नगाड़ा-बीन और कहीं सारंगी की धुन कानों में घोल रही रस

तरुण वधवा ▶▶| कुरुक्षेत्र

ब्रह्मसरोवर के पावन तट पर प्रदेश के कोने-कोने से लुप्त होने के कगार पर पहुंचे वाद्य यंत्रों की धुनों को सहजता से सुना जा सकता है। इस बार अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में लोक कलाकारों ने अपने वाद्य यंत्रों की धुनों से ब्रह्मसरोवर की फिजा को बदलने का काम किया है। इस सरोवर के पावन तट पर कहीं जंगम जोगी, कहीं नगाड़ा-बीन और कहीं सारंगी की धुनों को सुनकर पर्यटक मस्ती से झूम रहे हैं, तो कहीं रंग-बिरंगे, चमकते परिधानों में सजे कलाकारों संग फोटो लेने का क्रेज भी पर्यटकों के सिर चढ़कर बोल रहा है। अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2023 में जहां प्रदेश के लोक कलाकार पर्यटकों को आनंदित कर रहे हैं, वहीं इस प्रकार के महोत्सव लुप्त हो रही कलाओं का संगम भी बना है। इन्हीं तमाम पहलुओं को लेकर ही सरकार के कला एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग की तरफ से जंगम जोगी के ग्रुप, डेरू पार्टी के ग्रुप, नगाड़ा पार्टी के ग्रुप, बीन पार्टी के ग्रुप बुलाए गये हैं।

इन सभी ग्रुपों के करीब 250 लोक कलाकार महोत्सव में पहुंचे हैं। ये सभी कलाकार सरोवर के चारों तटों पर घूम-घूम कर पर्यटकों का मनोरंजन करने का काम कर रहे हैं।



### हरियाणा की छपाई कला देख हैरान हो रहे हरियाणा पैवेलियन में दर्शक

गीता महोत्सव में कुवि के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पैवेलियन हरियाणा में हरियाणा की छपाई कला को एक बार फिर पुर्नजीवित कर दर्शकों तक पहुंचाया जा रहा है। यहां पर रेज्जे एवं सूती कपड़ों पर लकड़ी के ब्लॉकों के साथ प्रत्यक्ष रूप से छपाई देखी जा सकती है। लाखन माजरा रोहतक से आई लोक कलाकार ममता हरियाणा की छपाई कला को दर्शकों से रूबरू कर रही है। हरियाणा पवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि लोकजीवन में वस्त्रों को रंगने वाले कारीगर को प्राय रंगरेज, रंगारा, लीलगर, नीलगर, छिप्पी, छिम्मी आदि की संज्ञा प्रदान की गई है। लोक में वस्त्रों को रंगने के प्रमाण ऋग्वेद तथा अथर्ववेद में भी मिलते हैं। इतना ही नहीं, वेदों में ऋषि-मुनियों द्वारा श्वेत, काषाय, गेरुए आदि वस्त्रों के धारण करने के संदर्भ मिलते हैं। देहात में वस्त्रों को रंगने के व्यवसाय में लगे सिद्धहस्त कारीगरों को ही लीलगर, छिप्पी (छापने वाला) कहा जाता है। यह शब्द संस्कृत के रंजकार और फारसी के रंगरेज, दोनों को रंजक बनाए हुए हैं।



### मिठास के साथ रोजगार देने का काम करता है मीठा गन्ना

पुरुषोत्तमपुरा बाग में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा बनाए गए हरियाणा पैवेलियन में यूनिवर्सिटी सीनीयर सेकेंडरी मॉडल स्कूल के छात्रों का शुगर मिल पर आधारित मीठा गन्ना का मॉडल सबके आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। रोजगार देने के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण का संदेश दे रहा है। यह मॉडल सबको अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निर्देशक प्रो. महासिंह पूनिया ने बताया कि कुवि के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के दिशा निर्देश पर पहली बार स्कूल के बच्चों को इतने बड़े स्तर पर मंच प्रदान किया गया है ताकि स्कूल के बच्चे अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकें। स्कूल के 11वीं कक्षा के छात्र विशाल, लक्षित सैनी, वीन व कृष्णा ने स्कूल के प्रधानाचार्य डॉ. सुखविंद्र सिंह व शिक्षिका महिमा के मार्गदर्शन में मीठा गन्ना मॉडल तैयार किया है। इस मॉडल में बताया गया है कि किसानों को अधिक से अधिक से लाभ लेने के लिए गन्ने की खेती करनी चाहिए क्योंकि जब किसान गन्ने की खेती करेगा और सरकार के सहयोग से को-ओपरेटिव शुगर मिल लगाकर काम करेगा तो उसे दो गुना लाभ मिलेगा। क्योंकि कोऑपरेटिव शुगर मिल 50 प्रतिशत हिस्सेदारी किसानों की होती है। इस मॉडल के माध्यम से गन्ने का मिल में आने के बाद हर चीज प्रयोग में आती है। इससे चीनी, गुड़, खोई, बायोतेल तैयार होता है।




### जुलाहा की बुणाई कला को जीवित कर रहा हरियाणा पवेलियन

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग द्वारा आयोजित हरियाणा पवेलियन हरियाणा की लोक संस्कृति के साथ-साथ हरियाणवी जुलाहा की बुणाई कला को जोड़ रहा है दर्शकों से। हरियाणा पैवेलियन में स्थापित जुलाहा जिसे करघा भी कहा जाता है दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। सैकड़ों वर्ष पुरानी लोक पारंपरिक विरासत को जुलाहे की खड्डी के माध्यम से ताणा बुनकर पवेलियन में खेस बुनते हुए प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है। हरियाणा पवेलियन के संयोजक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि लोकजीवन में ताण अथवा ताणे से वस्त्र बुनने वाले व्यक्ति को कोली, बलाई व जुलाहा कहा जाता है। । सामान्यतः हरियाणवी लोकजीवन में ताणे से सूत बुनने तथा इससे बुने हुए खेस, चद्दर, दोतई, लिहाफ, चौसी, ड्योटी तथा रेज्जा आदि बनाने वाले व्यक्ति को जुलाहे की संज्ञा दी गई है। उन्होंने कहा कि देहात में इन्हें कबीर पंथी भी कहते हैं। जुलाहा जिस स्थान पर काम करता है, उसे ठीहा, ठईया या कमठाणा कहते हैं। जुलाहा जहां पैर लटकाकर बैठता है, उसे साल कहा जाता है। जुलाहा सूत बुनने से पहले रूई से सूत कातकर तैयार करता है, उसके पश्चात वह उस सूत को खूंटियों के माध्यम से सुखाता है, जिसे ताणा लगाना कहते हैं। सूत बुनने से पहले सूत को सुखाया जाता है तथा सुहाले की सहायता से उसकी सफाई भी की जाती है।



### हरियाणा पवेलियन में व्यंजनों के स्वाद के साथ संस्कृति के रंग

पुरुषोत्तमपुरा बाग में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड द्वारा बनाए गए हरियाणा पैवेलियन में हरियाणवी रसाई में चूरमा व गुड़ का हलवा सबकी मन पसंद बना हुआ है। हरियाणवी व्यंजनों के स्वाद ने हरियाणवी संस्कृति के रंग को और रंगीन बना दिया है। पवेलियन में आने वाले लोग हरियाणा की लोक संस्कृति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ-साथ हरियाणवी व्यंजनों का स्वाद भी चख रहे हैं। युवा एवं सांस्कृतिक विभाग के निदेशक डॉ. महासिंह पूनिया ने बताया कि हरियाणा पवेलियन में इस बार खास तौर पर हरियाणवी रसाई का निर्माण किया गया है, जिसमें खास तौर पर हरियाणा के परम्परागत लोकप्रिय व्यंजनों को रखा गया है ताकि यहां पर आने वाले लोग हरियाणा की लोक संस्कृति के बहुआयामी सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आनंद लेने के साथ-साथ हरियाणवी व्यंजनों का जायका भी ले सकें।



### सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक दे रहा विभिन्न स्कीमों की जानकारी

कुरुक्षेत्र। सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों व ग्रामीणों के लिए अनेक प्रकार की योजनाएं चलाई जा रही है जिनका लाभ उठाकर किसान व ग्रामीण अपनी आर्थिक स्थिति और अधिक मजबूत कर सकते हैं। यह जानकारी अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के तट पर सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक के अधिकारियों द्वारा 442 नंबर स्टॉल पर दी जा रही है। इस स्टॉल पर प्रबंधक सुशील कुमार व राममेहर द्वारा लोगों को सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक की वित्तीय सेवाओं एवं ऋण संबंधी योजनाओं के बारे में जानकारी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सर्व हरियाणा ग्रामीण बैंक द्वारा किसानों के लिए किसान क्रेडिट कार्ड योजना, एसएचजीबी कृषि तत्काल ऋण योजना, पशु किसान क्रेडिट कार्ड योजना, स्वयं सहायता समूह एवं संयुक्त दायित्व, समूह के अन्तर्गत ऋण योजना, पशुपालन, मुर्गी पालन इत्यादि ऋण योजना, कृषि यंत्रों के लिए ऋण योजना, कृषि भूमि खरीदने के लिए ऋण योजना, मुख्यमंत्री परिवार उत्थान योजना के अन्तर्गत ऋण, प्रधानमंत्री रोजगार सृजन योजना के अन्तर्गत ऋण तथा प्रधान मंत्री विश्वकर्मा योजना के अन्तर्गत ऋण स्कीम चलाई जा रही है।



# 45 लाख की धोखाधड़ी करने वाले दो दबोचे

## मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलवाने के नाम पर 45 लाख ठगे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

- पुलिस ने अरोपियों को पूछताछ के लिए ,2 दिन के रिमांड पर लिए
- दोनों आरोपी बच्चों का दाखिला उच्च शिक्षा के लिए अच्छे कॉलेज में कराने के लिए लोगों से पैसे ठगते थे

मोलाना मेडिकल कॉलेज में एडमिशन दिलवाने के नाम पर 45 लाख रूपए की धोखाधड़ी करने वाले 2 आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। जन्हिं कोर्ट में पेश कर 2 दिन के रिमांड पर लिया गया। आर्थिक अपराध शाखा इंचार्ज एस.आई रोहित के नेतृत्व में टीम ने आरोपी अंशु छलोत्रा वासी सहारनपुर उत्तर प्रदेश और दीपक कुमार वासी गाजियाबाद उत्तर प्रदेश को करनाल से गिरफ्तार किया। शिकायतकर्ता युद्धवीर सिंह वासी सी.एच.डी सिटी ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि आरोपी अंशु और दीपक ने उसकी लडक़ी का दाखिला मौलाना मेडिकल कॉलेज में एम.डी कोर्स में करवाने के लिए 45 लाख की धोखाधड़ी की है। शिकायतकर्ता युद्धवीर ने बताया की दोनों आरोपी बच्चों का दाखिला उच्च शिक्षा के लिए अच्छे कॉलेज में कराने के लिए लोगों से पैसे ठगते है। और जिन्होंने मेरी बेटी के एडमिशन के लिए भी 45 लाख रुपए ठग लिए है। जिसके बाद केस दर्ज कर लिया गया।

### पुलिस करेगी पूछताछ

एस.आई हरभजन सिंह ने बताया कि आरोपी अंशु और दीपक को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर 2 दिन का रिमांड हासिल किया है। दौराने रिमांड दोनों आरोपियों से गहनता से पूछताछ की जाएगी और मुकदमे में बरामदगी की जाएगी।

# अवैध हथियारों के जखीरा के साथ तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

- आरोपियों से 6 देसी पिस्तौल, 5 मैग्जीन व 4 जिंदा कारतूस बरामद

पानीपत पुलिस की एंटी व्हीकल थेप्ट की टीम ने थाना औद्योगिक सेक्टर 29 क्षेत्र में चौटाला रोड पर स्टेडियम के पास असला तस्कर सहित तीन आरोपियों को भारी मात्रा में अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार किया। आरोपियों से 6 देसी पिस्तौल, 5 मैग्जीन व 4 जिंदा रौंद बरामद हुए। एंटी व्हीकल थेप्ट इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि एंटी व्हीकल थेप्ट की टीम ने चौटाला रोड पर से नवाब पुत्र जाफर अली निवासी कदमगाची किशनगंज पश्चिम बंगाल हाल कृष्णा गार्डन पानीपत, बलवान पुत्र धर्मसिंह निवासी बालरागडान व अंकित पुत्र जोगिंद्र निवासी जैणी करनाल के रूप में बताई। तलाशी लेने पर आरोपी नवाब के बैग से 4 देसी पिस्तौल, 3 मैग्जीन, 4 जिंदा रौंद व आरोपी अंकित की पेंट से 2 देसी पिस्तौल व आरोपी बलवान से 2 मैग्जीन बरामद हुई। बरामद सभी अवैध देसी पिस्तौल अनलोड मिले। आरोपी अवैध हथियार, कारतूस, मैग्जीन मध्य प्रदेश के धार जिला के एक गांव में युवक से 70 हजार में खरीदकर लाया था। सोमवार को आरोपी नवाब चौटाला रोड पर स्टेडियम के पास उक्त अवैध हथियार आरोपी बलवान व अंकित को बेचने के लिए आया था। आरोपी ने 32 बौर के दो देसी पिस्तौल आरोपी अंकित को 20 हजार में व दो मैग्जीन आरोपी बलवान को 2 हजार में उधार में बेची थी। पुलिस ने दबिश देकर तीनों आरोपियों को अवैध हथियारों सहित गिरफ्तार कर लिया।

### पेशेवर अपराधी है नवाब

आरोपी नवाब के खिलाफ पानीपत में चोरी व हत्या की वारदातों के जिला के विभिन्न थाना में 7 अभियोग व करनाल में कारागार अधिनियम व आर्म्स एक्ट के तहत 2 अभियोग दर्ज है। आरोपी इससे पहले वर्ष 2021 में करनाल में अवैध हथियारों सहित पकड़ा गया था। इसी प्रकार आरोपी बलवान के खिलाफ हत्या का एक अभियोग करनाल के सिविल लाइन थाना में दर्ज है।

**ठगी** | कबूतरबाज ने रुपये लेकर पीड़ित को थमाया फर्जी लेटर

# जज का रिश्तेदार बताकर उच्च न्यायालय में सरकारी क्लर्क लगवाने के नाम पर ठगे 10.68 लाख रुपये

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने आरोपी के खिलाफ किया धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज

उच्च न्यायालय के जज का रिश्तेदार बताकर सरकारी क्लर्क लगवाने के नाम पर मलिकपुर बांगर निवासी अजय कुमार से एक व्यक्ति ने दस लाख 68 हजार रुपये ठग लिए। आरोप पंचकूला की रथपुर कॉलोनी निवासी चैन सिंह पर लगा है। आरोप है कि आरोपी ने उसे फर्जी लेटर दिया।

नौकरी न लगने पर जब अजय ने आरोपी से रुपये वापस मांगे तो उसने देने से मना कर दिया। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार अजय कुमार ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी सात मई 2023 को पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस अंबाला में पंचकूला की रथपुर कॉलोनी निवासी चैन सिंह के साथ मुलाकात हुई थी। आरोपी ने उसे कहा कि उच्च न्यायालय चंडीगढ़ में क्लर्क के पद पर सरकारी नौकरी निकली हुई है। उच्च न्यायालय के जज उसके रिश्तेदार हैं। एचसीएस से भी उसके संबंध है। आरोपी ने उसे आश्वस्त किया कि वह उसे सरकारी क्लर्क के पद पर लगवा देगा। इसके लिए उसने 20 लाख रुपये की मांग की। सरकारी नौकरी के चक्कर में वह आरोपी चैन सिंह की बातों में आ गया और उसने क्लर्क पद पर लगने के लिए हामी भर दी। लेकिन उसे न तो नौकरी मिली और न ही उसके पैसे वापस मिले।

### कुछ रुपये नकद और कुछ आरटीजीएस व गूगल पे से लिए

इसके बाद आरोपी ने अलग-अलग कर उससे दस लाख 68 हजार रुपये ले लिए। इनमें से कुछ रुपये उसने आरोपी को नकद और कुछ रुपये आरटीजीएस व गूगल पे के माध्यम से आरोपी के खाते में डलवाए। एक दिन आरोपी ने उसे मिलने के लिए कालका बुलवाया। वहां पर एक लेटर दिया। जिस पर फोटो व रोल नंबर भी था। आरोपी ने उससे एक कागज पर भी हस्ताक्षर कराए। आरोपी ने उससे असली दस्तावेज ले लिए और उसे कहा कि दो से तीन दिन में उसकी सिलेक्शन हो जाएगी। इसके बाद वह घर आ गया। जब उसने वह लेटर देखा तो उसे कुछ शक हुआ। उसने अपने स्तर पर इस लेटर के बारे में पता किया तो यह फर्जी निकला। उसने आरोपी से इस बारे में बात की और पंचायत हुई। जिसमें आरोपी ने गलती मानते हुए पूरे रुपये ब्याज सहित देने का वायदा किया। लेकिन फिर भी आरोपी ने उसके रुपये वापस नहीं किए। उसने परेशान होकर इसकी शिकायत पुलिस को दी। पुलिस ने मामले की जांच के बाद आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी के आरोप में केस दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी।

### हुड़दंगियों से सख्ती से निपटी पुलिस

**समालखा।** समालखा की अनाज मंडी में कॉलेज व स्कूलों के सामने दोपहिया वाहनों पर हुड़दंग बाजी करते घूम रहे बच्चों के व बिना लाइसेंस, बिना कागज व हेलमेट के लोगों के भी पुलिस के द्वारा चालान काटे गए। समालखा थाना प्रभारी फूल कुमार बताया पानीपत पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत के आदेश अनुसार स्कूल व कॉलेजों के समाने जो मनचले बाइक लेकर हुड़दंग बाजी करते, बिना हेलमेट व बिना लाइसेंस घुम रहे हैं। पुलिस द्वारा उन लोगों के चालान किए गए हैं। थाना प्रभारी ने समालखा वासियों अपील करते हुए कहा कोई भी मां-बाप अपने 18 साल से कम उम्र के बच्चों को कोई भी वाहन ना दें। ऐसा होने पर न केवल वाहन को इमपाउंड किया जाएगा बल्कि मां-बाप के खिलाफ भी कानूनी कार्रवाही की जाएगी।

# सड़क पार कर रहे व्यक्ति की कार की चपेट में आने से मौत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| यमुनानगर

- पुलिस ने अज्ञात कार चालक के खिलाफ किया मामला दर्ज

शहर के मधु चौक के पास सड़क पार कर रहे व्यक्ति की कार की टक्कर लगने से मौत हो गई। जानकारी के अनुसार रामपुरा कॉलोनी निवासी अरुण कुमार ने बताया कि वह गगन स्पेयर पार्ट जगाधरी में नौकरी करता है। सोमवार को उसके पिता रमेश चंद घर से मधु चौक के पास बंधन बैंक में रुपये निकलवाने के लिए गए थे।

रेलवे रोड पर मधु चौक के नजदीक बूट बाजार के नजदीक जब उसके पिता सड़क पार करने लगे तो जगाधरी की तरफ से तेज गति से आई 20 कार आई। आरोप है कि चालक ने लापरवाही से कार चलाते हुए उसके पिता रमेश चंद को टक्कर मार दी। टक्कर लगने से उसके पिता उछल कर उसकी कार के अगले शीशे पर लगे। जिससे उन्हें गंभीर चोटें आई। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ लग गई। लोगों ने आरोपी चालक की कार में ही उसके पिता को गंभीर हालत में अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसके पिता की गंभीर हालत देखते हुए पीजीआई चंडीगढ़ रेफर कर दिया। उन्होंने उसे शहर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात आरोपी कार चालक पर केस दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप



यमुनानगर। ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट रादौर द्वारा आयोजित भ्रमण के दौरान जानकारी हासिल करते विद्यार्थी।

### फार्मास्यूटिकल कंपनी का करवाया भ्रमण

**रादौर।** ग्लोबल रिसर्च इंस्टीट्यूट ऑफ फार्मेसी की ओर से बी फार्मेसी फाइनल ईयर के छात्रों के लिए इंडसस्ट्रियल ट्रिप का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यार्थियों को बद्दी हिमाचल प्रदेश में स्थित मेडिसेफ फार्मास्यूटिकल कंपनी का भ्रमण करवाया गया। यात्रा संयोजक जगदीप सिंह व शबनम ने छात्रों को विभिन्न प्रकार के ड्रग प्रोडक्शन यानी मैन्युफैक्चरिंग, क्वालिटी कंट्रोल, क्वालिटी एश्योरेंस तथा ड्रग पैकेजिंग के बारे में जानकारी दी।



यमुनानगर। रादौर में शुरू की गई रसोई में लोगों को खाना वितरीत करते समाजसेवी संदीप गर्ग व अन्य।

### रसोई के पहले दिन किया 650 लोगों ने भोजन

**रादौर।** समाजसेवी व उद्योगपति संदीप गर्ग की ओर से पुराने बस स्टैंड के नजदीक शुरू की गई रादौर रसोई के पहले दिन 650 लोगों ने मात्र 5 रूपये में भरपेट भोजन किया। रादौर रसोई के पहले दिन रोटरी क्लब व न्यू कृष्णा रामलीला क्लब के सदस्यों ने अपनी सेवाएं प्रदान की। रोटरी क्लब के पूर्व प्रधान डॉ.एससी सैनी ने बताया कि समाजसेवी संदीप गर्ग द्वारा जो मात्र पांच रूपए में भोजन की थाली की स्कीम लोगों की सुविधा के लिए शुरू की है।

### आप की बदलाव यात्रा का रादौर में हुआ भव्य स्वागत

**रादौर।** आम आदमी पार्टी की ओर से प्रदेशभर में चलाई जा रही बदलाव यात्रा के मंगलवार को रादौर पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। पार्टी की प्रदेश उपाध्यक्ष चित्रा सरवारा के नेतृत्व में रादौर पहुंची बदलाव यात्रा का पार्टी के कार्यकर्ताओं व स्थानीय लोगों ने जोरदार स्वागत किया। बदलाव यात्रा में चल रहे पार्टी के प्रदेश सह सचिव चौधरी रणधीर सिंह, नरेशलाल कांबोज, सतीश धौड़ंग, शिवकुमार शास्त्री, ऋषिपाल राणा, कर्मवीर बुट्टर, रूपेश पलाका व पवन कांबोज आदि ने चित्रा सरवारा, निर्मल सिंह व अन्य नेताओं का फूलमालाओं से भव्य स्वागत किया।

### बाइक सवार ने छात्र से छीना मोबाइल

**यमुनानगर।** शहर की मॉडल टाउन में बाइक सवार दो युवकों ने 12 वीं कक्षा के छात्र का मोबाइल छीन लिया। जिय कॉलोनी निवासी सोनू ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि वह मॉडल टाउन के सरकारी स्कूल में 12वीं कक्षा में पढ़ता है। सोमवार शाम करीब चार बजे शिव मंदिर में जा रहा था। जब वह बम्बी शटरिंग स्टोर के पास पहुंचा तो उसके पास उसके परिचित का फोन आ गया। वह जेब से मोबाइल निकालकर फोन सुनने लगा। तभी पीछे से बाइक पर दो युवक आए और उसके हाथ से मोबाइल छीनकर फरार हो गए।

## यात्रा के दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में लोगों से किया सीधा संवाद

# बिजली बिल की स्लैब खत्म करने से लाखों गरीब परिवारों को मिलेगा लाभ

- हरियाणा के शिक्षा मंत्री कंवरपाल के भाई अशोक चौधरी ने गांव रामपुर खादर में विकसित भारत संकल्प यात्रा का पहुंचने पर किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिले में चल रही विकसित भारत संकल्प यात्रा का मंगलवार को जगाधरी विधानसभा के गांव रामपुर खादर व नंदगढ़ में जोरदार स्वागत किया गया। यात्रा के दौरान आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में प्रदेश के शिक्षा मंत्री कंवरपाल के भाई अशोक चौधरी ने मुख्यातिथि के रुप में भाग लिया। वहीं, रादौर व साढ़ौरा विधानसभा क्षेत्रों के गांव में भी विकसित भारत जनसंवाद संकल्प यात्रा पहुंची। जहां पर ग्रामीणों ने उसका स्वागत किया। जगाधरी विधानसभा के गांव रामपुर खादर व नंदगढ़ में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में मुख्यातिथि अशोक चौधरी ने कहा कि अंत्योदय के सिद्धांत पर चलते हुए मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने प्रदेश के बीपीएल कार्ड धारकों के लिए 12 हजार रुपये वार्षिक बिजली बिल की स्लैब को खत्म कर दिया है। वहीं सरसों का तेल लेने के लिए बीपीएल कार्ड धारकों की वार्षिक आय सीमा को 1 लाख 20 हजार रुपये वार्षिक से बढ़ाकर 1 लाख 80 हजार रुपये वार्षिक कर दिया है। उन्होंने कहा कि प्रदेश व केंद्र सरकार ने लोगों की भलाई के लिए अनेकों योजनाएं शुरू की हुई हैं। जिनका लाभ लोगों को मिल रहा है। इस अवसर पर उन्होंने लोगों को विकसित भारत की शपथ दिलाई और जगमाल, मामचंद, चमेली देवी, सुशीला, जय कुमार की बुढ़ापा पैंशन बनाई गई। इसी प्रकार ऋषिपाल व परमाल की विधुर पैंशन बनाई गई। इसके अतिरिक्त भूमि स्वामित्व योजना के तहत सुनील, भूपेन्द्र, रणजीत, दीपक, कर्ण व प्रमाल को रजिस्ट्रियां वितरित की गई। मौके पर भाजपा के जिला महामंत्री कृष्ण सिंगला आदि मौजूद थे।





यमुनानगर। जगाधरी विधानसभा के गांव रामपुर खादर में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में शपथ दिलाते हुए अशोक चौधरी तथा रादौर के गांव दामला में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में बच्चों द्वारा प्रदर्शित किए मॉडल को देखते हुए मुख्यातिथि कर्णदेव कांबोज। फोटो : हरिभूमि

### रादौर के दामला, दौलतपुर समेत अन्य गांव में पहुंची यात्रा

मंगलवार को विकसित भारत संकल्प यात्रा का रादौर विधानसभा क्षेत्र के गांव दामला, दौलतपुर,जागीर, हाफीजपुर व रेतगढ़ में पहुंचने पर ग्रामीणों ने स्वागत किया। इस दौरान मुख्यातिथि के रुप में पूर्व राज्यमंत्री कर्णदेव कांबोज ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर सुदेश रानी, नंद लाल, सरूप सिंह, कर्म सिंह, शकुंतला, अर्पित, उर्मिला देवी, गुड्डी, विमला की पेंशन बनाई गई। इसके अतिरिक्त शिमला रानी, गुरमेजो देवी, सुरेशो देवी, बेबी का मौके पर बीपीएल कार्ड बनाया। जल जीवन मिशन के तहत गुरबक्शी सरपंच को अभिनंदन पत्र दिया गया। इस अवसर पर पूर्व विधायक ईश्वर पलाका आदि मौजूद रहे।



यमुनानगर। साढ़ौरा क्षेत्र के गांव कलावड़ में आयोजित जनसंवाद कार्यक्रम में ग्रामीणों की समस्याएं सुनते हुए पूर्व विधायक बलवंत सिंह। फोटो : हरिभूमि

### साढ़ौरा के कलावड़ समेत चार गांव में यात्रा का स्वागत

साढ़ौरा विधासभा क्षेत्र के गांव कलावड़, तपड़ापुर, जागधौली व सतारी में विकसित भारत संकल्प यात्रा के पहुंचने पर पूर्व विधायक बलवंत सिंह ने स्वागत किया। पूर्व विधायक ने उपस्थित जन समूह को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित व आत्मनिर्भर बनाने की शपथ दिलाते हुए कहा कि देश को विकसित बनाने के लिए हर व्यक्ति के सहयोग की जरूरत है। मौके पर उन्होंने ग्रामीणों की समस्याएं सुनी और केंद्र व प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी। इस अवसर पर बीडीपीओ श्याम लाल, सरपंच मोनिका रानी, पुनीत बिंदल, रणधीर सिंह, सर्वजीत सिंह, रघुवंशी व जपान सिंह आदि मौजूद थे।



यमुनानगर। में खुले में कचरा डालने पर दुकानदार का चालान काटते हुए निगम की टीम। फोटो : हरिभूमि

## खुले में गंदगी डालने पर नौ दुकानदारों के काटे चालान

- चालान काटकर वसूला 6500 रुपये का जुर्माना
- नगर निगम यमुनानगर की टीम ने लोगों के खुले में गंदगी डालने पर कड़ी कार्रवाई की दी चेतावनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

खुले में गंदगी डालने वालों पर नगर निगम ने सख्त रवैया अपना लिया है। निगमायुक्त आयुष सिन्हा के निर्देशों पर निगम के सीएसआई सुनील दत्त की टीम ने वार्ड नंबर 12 में तीर्थ नगर, बाड़ी माजरा रोड, रेलवे रोड, वर्कशॉप रोड व अन्य स्थानों पर खुले में गंदगी डाल रहे नौ दुकानदारों के चालान किए। इस दौरान उनसे 6500 रुपये जुर्माना राशि भी वसूली। कार्रवाई के दौरान निगम की टीम ने सड़क पर अवैध खोखे बनाकर किए गए कब्जे भी हटवाए। निगम के सीएसआई सुनील दत्त ने बताया कि निगमायुक्त आयुष सिन्हा व अतिरिक्त निगमायुक्त धीरज कुमार के निर्देशों पर खुले में गंदगी डालने व अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई की जा रही है। खुले में गंदगी डालने वालों पर कार्रवाई करने के लिए सुबह वह अपनी टीम के साथ वार्ड 12 में निकले। टीम में उनके साथ हरमीत सिंह, राकेश तेजली व होमगार्ड के जवान शामिल थे। जब वे बाड़ी माजरा रोड व तीर्थ नगर पहुंचे तो वहां कुछ मीट के खोखा संचालकों द्वारा खुले में गंदगी डाली हुई थी। इस दौरान उन्होंने सड़कों पर रैक रखकर अवैध कब्जे भी किए हुए थे। जिनका मौके पर ही गंदगी फैलाने का चालान किया गया और अवैध कब्जे हटाए गए। इसके बाद उनकी टीम ने रेलवे रोड व वर्कशॉप रोड पर गंदगी फैला रहे दुकानदारों के चालान किए। शाम तक गंदगी फैलाने पर नौ दुकानदारों के चालान किए गए। उनसे मौके पर ही 6500 रुपये जुर्माना राशि वसूली गई । उन्होंने बताया कि मौके पर निगम की टीम ने दुकानदारों को समझाया गया कि भविष्य में खुले में गंदगी डालने पर इससे बड़ी कार्रवाई की जा सकती है। उन्होंने दुकानदारों को समझाया कि वे दुकान में डस्टबिन रखें। जिसमें कचरा एकत्रित करें। इस कचरे को डोर टू डोर कचरा लेने वाली गाड़ी में ही डालें। यदि अब खुले में कचरा डाला तो पांच हजार रुपये का चालान किया जाएगा।

## जिला बार एसोसिएशन के नवनियुक्त पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण आज

- बार भवन में आयोजित होगा शपथ ग्रहण समारोह
- बार के निर्वाचन अधिकारी राजपाल कौशिक ने दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जिला बार एसोसिएशन के गत 15 दिसंबर को हुए चुनाव में निर्वाचित हुए पदाधिकारियों के शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन बुधवार को सुबह साढ़े ग्यारह बजे बार भवन में आयोजित किया जाएगा। जिसमें नवनियुक्त पदाधिकारी अपने पद एवं गोपनीयता की शपथ लेंगे और कार्यभार संभालेंगे।

बार एसोसिएशन के निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट राजपाल कौशिक ने बताया कि जिला बार एसोसिएशन के चुनाव गत 15 दिसंबर को हुए थे। जिनमें प्रधान के पद पर एडवोकेट अरुण ढ़ांडा, महासचिव के पद पर एडवोकेट अभिषेक बांगर व संयुक्त सचिव के पद पर एडवोकेट सानू शर्मा निर्वाचित हुए थे। वहीं, उप प्रधान के पद पर एडवोकेट रविंद्र सिंह संधु व कैशियर के पद पर एडवोकेट राकेश कुमार सैनी पहले ही एक-एक नामंकन दाखिल होने की वजह से निर्वाचित घोषित किए जा चुके थे। अब बुधवार को प्रधान, उपप्रधान, महासचिव, संयुक्त सचिव व कैशियरके पद पर नवनिर्वाचित हुए पदाधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी।

शपथ ग्रहण समारोह के समापन के बाद बार सदस्यों के लिए नवनियुक्त कार्यकारिणी द्वारा दोपहर के लंच पार्टी का आयोजन शहर के जिमखाना क्लब में रखा गया है। नवनियुक्त प्रधान अरुण ढ़ांडा ने सभी बार सदस्यों को शपथ ग्रहण समारोह व लंच पार्टी में भाग लेने के लिए अपील की है।

## दिल्ली पब्लिक स्कूल की टीम ने ट्रॉफी पर जमाया कब्जा

- दिल्ली पब्लिक स्कूल यमुनानगर में आयोजित हुई अंतरविद्यालय वाद विवाद प्रतियोगिता
- प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न स्कूलों की दस टीमों ने लिया भाग

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

जगाधरी-अंबाला मार्ग स्थित दिल्ली पब्लिक स्कूल भंभौली में भारत के महापुरुषों के समान क्या आज का युवा राष्ट्र को उन्नत करने में सक्षम है विषय पर हिंदी वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न प्रकार के वाद विवाद पक्ष और विपक्ष के बीच करवाए गए। प्रतियोगिता का शुभारंभ स्कूल के चेयरमैन राम निवास गर्ग ने किया। वाद प्रतियोगिता के दौरान जिले के विभिन्न स्कूलों की दस टीमों ने भाग लिया। इस दौरान प्रतिभागियों ने अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। जिसमें दिल्ली पब्लिक स्कूल दसवीं कक्षा के छात्र देव ने वक्ता विपक्ष प्रतियोगिता में प्रथम स्थान हासिल किया। वहीं, एमएलएन स्कूल की छात्रा ने द्वितीय और डीएवी पब्लिक स्कूल रादौर के छात्र आयुष ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। जबकि वक्ता पक्ष प्रतियोगिता में एमआर इंटरनेशनल स्कूल की छात्रा हिमांशी ने प्रथम, दिल्ली पब्लिक स्कूल की नौवी कक्षा की छात्रा निहारिका ने द्वितीय व न्यू हैप्पी पब्लिक स्कूल यमुनानगर की शगुन चौहान ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अलावा विभिन्न गतिविधियों में दिल्ली पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए वाद विवाद प्रतियोगिता की ट्रॉफी को जीतकर स्कूल का नाम रोशन किया। इस दौरान निर्णायक मंडल की भूमिका विनोद शर्मा व रेखा राणा ने निभाई। स्कूल की प्रधानाचार्या मनीषा सिंह ने विजेता बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया। मौके पर स्कूल के चेयरमैन राम निवास गर्ग ने बच्चों को बधाई दी।



यमुनानगर। दिल्ली पब्लिक स्कूल में आयोजित वाद विवाद प्रतियोगिता में विजेता बने बच्चे पुरस्कार प्राप्त कर खुशी जताते हुए। फोटो : हरिभूमि

## मातृशक्ति उद्यमिता योजना महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने में उपयोगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

हरियाणा सरकार महिलाओं को सशक्त स्वावलंबी व आत्मनिर्भर बनाने के लिए मातृशक्ति उद्यमिता योजना सहित अन्य विभिन्न प्रकार की कल्याणकारी योजनाएं चला रही है। जिनके माध्यम से महिलाओं को आर्थिक सहायता से लेकर स्वरोजगार स्थापित करने में सहायता प्रदान की जाती है। उन्होंने मंगलवार को अपने कार्यालय में बातचीत करते हुए मातृशक्ति उद्यमिता योजना को महिलाओं को आत्म निर्भर बनाने में उपयोगी बताया। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि प्रदेश सरकार ने महिला सशक्तिकरण की दिशा में हरियाणा मातृशक्ति उद्यमिता योजना शुरू की है। इस योजना का लाभ महिलाओं को केवल तभी प्रदान किया जाएगा जब उनकी पारिवारिक आय पांच लाख या फिर इससे कम हो। महिला की आयु 18 से 60 वर्ष के बीच होनी चाहिए तथा वह पूर्व के किसी ऋण मामले में डिफाल्टर नहीं होनी चाहिए। महिला का हरियाणा का निवासी होना अनिवार्य है। यह योजना महिलाओं को सशक्त एवं आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में बेहद कारगर सिद्ध होगी तथा उनके जीवन स्तर में भी सुधार आएगा। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया की योजना के माध्यम से महिलाओं को तीन लाख तक का ऋण सात प्रतिशत ब्याज दर की छूट पर उपलब्ध करवाया जाता है।

### दुकान का शेड तोड़कर नकदी व आभूषण उड़ाया

**यमुनानगर।** शहर की पुराना हमीदा कॉलोनी में चोरों ने करियाने की दुकान का ताला तोड़कर गल्ले से चार हजार रुपये, सोने की अंगूठी, बालियां व सिक्के चोरी कर लिए। दुकान संचालक द्वारा घर के जेवर दुकान के गल्ले में रखे हुए थे। पुराना हमीदा निवासी गौरव कुमार ने बताया कि उसकी कॉलोनी में ही करियाना की दुकान है। रोज की तरह रात करीब साढ़े दस बजे वह दुकान बंद करके घर चला गया था। सुबह करीब साढ़े नौ बजे वह दुकान पर पहुंचा। शटर खोलकर जब वह दुकान के अंदर गया तो गल्ला खुला हुआ था। गल्ले से चार हजार रुपये की नकदी, सोने की अंगूठी, दो सोने की बालियां, करीब 800 रुपये के सिक्के व अन्य सामान गायब था।

## शिविर में जांचा 180 मरीजों का स्वास्थ्य

- शिविर में मरीजों को नि :शुल्क दवाइयां की वितरित
- बीमारियों से बचाव के बताए उपाय

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर के दिल्ली मार्ग स्थित निर्मल अस्पताल में मंगलवार को निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें चिकित्सकों ने 180 मरीजों के स्वास्थ्य की जांच की और उन्हें निःशुल्क दवाइयां वितरित की गई। मौके पर मरीजों को बीमारियों से बचाव के उपाय बताए गए। इस दौरान अधिकांश मरीज अस्थमा, सांस व हृदय रोगों से पीड़ित पाए गए। इस अवसर पर छोटे बच्चों के स्वास्थ्य की भी जांच की गई। शिविर के आयोजक अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि शिविर का मुख्य उदेश्य लोगों को भाग दौड़ भरी जिंदगी में अपने शरीर को कैसे स्वस्थ रखना है और बीमारियों से बचाव कैसे हो के बारे में बताना रहा। उन्होंने बताया कि वर्तमान में भाग दौड भरी जिंदगी में लोग बीमारियों से ग्रसित हो रहे हैं। इसका मुख्य कारण आदमी के खानपान में बदलाव होना है। दूसरा कारण यह है कि समय और पैसे के अभाव में अधिकांश लोग अपने स्वास्थ्य की समय पर जांच नहीं करवाते हैं।



यमुनानगर। कैंप स्थित अस्पताल में आयोजित नि :शुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर में मरीजों की जांच करते चिकित्सक। फोटो : हरिभूमि

**लोगों की सेवार्थ हर माह निःशुल्क आयोजित होता है शिविरः** शहर के वरिष्ठ समाजसेवी एवं अस्थमा रोग विशेषज्ञ डॉ. निर्मल सिंह ने बताया कि लोगों की सेवा के लिए पिछले कई वर्षों से हर माह अस्पताल की ओर से निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया जाता है। इसी के तहत मंगलवार को भी अस्पताल में शिविर का आयोजन किया गया।

### खैर तस्करों के खिलाफ केस दर्ज

**यमुनानगर।** जिले के डारपुर जंगल से स्कॉर्पियो गाड़ी में खैर की तस्करी कर रहे आधा दर्जन खैर तस्करों के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। जब वन रक्षक की टीम ने खैर से भरी गाड़ी को रूकने का इशारा किया तो उनकी गाड़ी अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खड़ी बाइक से टकरा गई। जिसमें से एक खैर तस्कर मौके से भागने में कामयाब हो गया।

जबकि एक खैर तस्कर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम को स्कॉर्पियो गाड़ी से खैर के 29 पीस बरामद हुइ। पुलिस ने पकड़े गए खैर तस्कर को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया जबकि अन्य खैर तस्करों की तलाश शुरू कर दी।

## अतिरिक्त उपायुक्त ने गीता महोत्सव की तैयारियों का लिया जायजा

# पूरी मानवता के कल्याण के लिए है गीता का उपदेश: सिन्हा

- गीता जयंती पर आयोजित जिलास्तरीय गीता महोत्सव 2023 को लेकर जिला सचिवालय में अधिकारियों, सामाजिक व धार्मिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर शहर के दशहरा ग्राउंड में 22 व 23 दिसंबर को जिलास्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन किया जाएगा। जिलास्तरीय महोत्सव को भव्य रुप से मनाए जाने के लिए जिला सचिवालय में प्रशासनिक अधिकारियों, सामाजिक व धार्मिक प्रतिनिधियों की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने की। उन्होंने अधिकारियों को गीता जयंती महोत्सव भव्य रुप से मनाए जाने के लिए दिशा निर्देश दिए। अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि जिला स्तरीय गीता महोत्सव का आयोजन यमुनानगर के मॉडल टाउन स्थित दशहरा ग्राउंड में किया जाएगा। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रमों समेत अन्य कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। वहीं, नगर में शोभा यात्रा का आयोजन किया जाएगा। इसके अलावा श्रीमद्भावगत गीता पर सेमिनार का आयोजन भी किया जाएगा। अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि श्रीमद्भागवत गीता के उपदेश किसी एक समुदाय के लिए नहीं हैं, बल्कि यह पूरी मानवता के कल्याण के लिए हैं। श्रीमद्भागवत गीता में पूरी मानवता के कल्याण का मार्ग दिखाई देता है। उन्होंने जिला के लोगों से अपील की है कि वह अधिक से अधिक संख्या में गीता महोत्सव में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में भाग लें। उन्होंने धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं के प्रतिनिधियों से अनुरोध किया कि गीता महोत्सव 2023 को गरिमापूर्ण तरीके से मनाने में अपना पूर्ण सहयोग दें। अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा ने कहा कि गीता महोत्सव में गीता हवन, यज्ञ, पूजन, गीता क्विज व पेंटिंग, गीता आरती, गीता श्लोक उच्चारण आदि की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी।





यमुनानगर। जिला सचिवालय में गीता महोत्सव को लेकर आयोजित बैठक में दिशा निर्देश देते हुए अतिरिक्त उपायुक्त आयुष सिन्हा व भाग लेते अधिकारी व अन्य संस्थाओं के प्रतिनिधि। फोटो : हरिभूमि

## बेहतर डॉक्टर बनने का करें प्रयासः पंडित





यमुनानगर। डीएवी डैंटल कॉलेज में नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम में प्रस्तुतियां देते विद्यार्थी व उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वालों को पुरस्कार देकर सम्मानित करते प्राचार्य। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ⏭ यमुनानगर

शहर के डीएवी डेंटल कॉलेज में मंगलवार को नए विद्यार्थियों के स्वागत के लिए कॉलेज के इंटर्न और सीनियर छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्त्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. आईके पंडित ने दीप प्रज्जवलित करके किया। मौके पर मनोचिकित्सकों ने भी नए विद्यार्थियों का मानसिक मनोबल और धैर्य बनाए रखने का पाठ पढ़ाया। कार्यक्रम में वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉ. दिव्या मंगला ने नए छात्रों को हौसला रखने और अपना मानसिक संतुलन बनाने पर जोर दिया। उवहीं, गुरमीत कौर ने बच्चों को अपना मानसिक मनोबल बरकरार कैसे रखा जाए बारे ज़ोर दिया। मौके पर कॉलेज प्राचार्य डॉक्टर आईके पंडित ने कहा कि आज से यह कॉलेज आपका दूसरा घर है। इसलिए सभी मिलकर रहेंगे तो निश्चित तौर पर हम बड़ी से बड़ी चुनौती का भी सामना आराम से कर पाएंगे। उन्होंने कहा कि आप बेहतर डॉक्टर बनने का प्रयास करें आपको कॉलेज स्टाफ, प्राध्यापक व सीनियर सभी पूरी मदद करेंगे। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रमों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। डॉ. श्रूति, डॉ. जरीना, डॉ. आस्था, डॉ. राजीव और डॉ. सुमीत ने इस खूबसूरत कार्यक्रम को करवाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की।

## खबर संक्षेप

### विद्यापीठ में नृत्य में छात्रों ने मचाया खूब धमाल

**कुरुक्षेत्र।** गीता जयंती महोत्सव 2023 के अवसर पर जयराम विद्यापीठ परिसर में चल रही अंतर्विद्यालय सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रतियोगिताओं का गीता व रामायण पर आधारित सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता के साथ समापन हो गया। सामूहिक नृत्य प्रतियोगिता में करीब 55 स्कूलों की विभिन्न टीमों के प्रतिभागियों ने खूब धमाल मचाया।

### छात्राओं को मौलिक अधिकारों की दी जानकारी

**कुरुक्षेत्र।** सामुदायिक सहभागिता के एक जीवंत प्रदर्शन में, उदयन शालिनी फेलोशिप के कुरुक्षेत्र चैप्टर ने आज एक रैली का आयोजन किया, जिसे एचडीएफसी द्वारा उदारतापूर्वक प्रायोजित किया गया, जिसमें मानव अधिकारों और अपशिष्ट प्रबंधन के महत्वपूर्ण विषयों पर ध्यान केंद्रित किया गया। कार्यक्रम के पहले भाग में कुरूक्षेत्र नर्सिंग होम के प्रबंधक डॉ. सुभाष गर्ग ने अपशिष्ट प्रबंधन में बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करने के लिए उदाहरण द्वारा पर्यावरण सरंक्षण पर प्रकाश डाला।

### विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने की शपथ ग्रहण की

**कुरुक्षेत्र।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय डीग में नशे के विरुद्ध 269 वां एक दिवसीय नशा मुक्ति जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/ उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने दोनों स्थानों पर अलग आग से विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए जागरूक किया।

### कुवि के 8 शोधार्थी पीएचडी उपाधि के पात्र घोषित

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा ने शोध समिति और परीक्षकों के बोर्ड की अनुशंसा पर 08 शोधार्थियों को पीएचडी उपाधि के लिए पात्र घोषित किया है।

### जयराम विद्यापीठ में 30वां सामूहिक विवाह आज

**कुरुक्षेत्र।** गीता जयंती महोत्सव 2023 के अवसर पर ब्रह्मसरोवर के तट पर श्री जयराम विद्यापीठ में 20 दिसम्बर को आयोजित होने वाले गरीब परिवारों की कन्याओं के 30वें सामूहिक विवाह समारोह में आशीर्वाद देने के लिए संत महापुरुष भी शामिल होंगे। श्री जयराम संस्थाओं के परमाध्यक्ष ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी ने बताया कि 20 दिसम्बर को आयोजित होने वाला सामूहिक विवाह समारोह अपने आप में अलौकिक होगा।

### भागवत कथा सुनने से ही होता है जीव का कल्याण

**कुरुक्षेत्र।** गीता जयंती के पावन अवसर पर श्री गो गीता गायत्री सत्संग सेवा समिति सेवा के तत्वावधान में ज्योतिसर तीर्थ में शुरू हुए संगीतमय श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के तृतीय दिवस पर संस्थापक अध्यक्ष भागवत प्रवक्ता कथावाचक अनिल शास्त्री ने कहा कि संसार में भगवान कृष्ण ही सृष्टि का सृजन, पालन और संहार करते हैं।

### विवेकानंद ने किया गीता की शिक्षाओं का प्रचार

**पिहोवा।** पिहोवा के गांव थाना में ब्रह्म सरोवर तट पर दो दिवसीय गीता महोत्सव आयोजन किया जा रहा है। गीता महोत्सव के दूसरे दिन जजपा बुद्धिजीवी प्रकोष्ठ प्रदेशाध्यक्ष प्रो रणधीर सिंह ने शिरकत की। प्रो रणधीर सिंह ने कहा कि देश में दुनिया के बड़े-बड़े विद्वानों, सफल लोगों व साइंटिस्ट ने अपने जीवन की सफलता का श्रेय गीता को दिया है।

### भगवत मानवता को एकसूत्र में बांधने का मूलमंत्र

**कुरुक्षेत्र।** भगवत क्षेत्र क्षेत्रज्ञ के युद्ध का निरूपण है। यह ईश्वरीय विभूतियों से संपन्न भगवत स्वरूप को दिखाने वाला गायन है। यह गायन जिस क्षेत्र में होता है वह युद्ध क्षेत्र शरीर है। जिसमें दो प्रवृत्तियाँ हैं- धर्मक्षेत्र और कुरुक्षेत्र। अर्जुन अनुराग का प्रतीक है। सनातन धर्म के लिए विकल होने वाले अनुरागी का विषाद योग का कारण बनता है।

# गीता महोत्सव में हरियाणा की संस्कृति की मच रही धूम

## हरियाणवी सांस्कृतिक मंच पर हो रहे लोक संस्कृति, भजन, रागणियां, गीत, नृत्य दर्शकों का मन मोह रहे





हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में हरियाणा पैवेलियन में हरियाणवी संस्कृति की धूम रही। हरियाणा लोक गायन की विभिन्न शैली एवं हरियाणवी संस्कृति के विभिन्न आयाम को हरियाणवी लोक कलाकारों ने अपने गीतों एवं नृत्य के द्वारा अवगत करवाया। बता दें कि पुरुषोत्तमपुरा बाग ब्रह्मसरोवर में सांस्कृतिक कार्यक्रमों (हरियाणा कला परिषद) का आयोजन कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड व युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र द्वारा आयोजित करवाया जा रहा है। हरियाणवी सांस्कृतिक मंच पर आयोजित कार्यक्रम में हो रहे हरियाणा की लोक संस्कृति, भजन, रागणियां, गीत, नृत्य दर्शकों का मन मोह रहे हैं। कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र के वाईस चांसलर डॉ. सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में आयोजित इस कार्यक्रम के संयोजक कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरूक्षेत्र के युवा एवं सांस्कृतिक कार्य विभाग के डायरेक्टर महा सिंह है। सांस्कृतिक कार्यक्रमों में लोक गायक हरविन्द्र राणा एण्ड पार्टी द्वारा प्रस्तुत किए गए सुन गीता का ज्ञान को श्रोताओं ने तालियां बजाकर आंनद लिया। इसी प्रकार बम्म लहरी, म्हारा हरियाणा गीत की भी दर्शकों द्वारा खूब प्रंशसा की गई। लोक गायक कमल पैगा एंड पार्टी द्वारा हिन्दी व हरियाणवी में प्रस्तुत किए गए ये देश है वीर जवानों का ने श्रोताओं को देशभक्ति के जज्बे से ओतप्रोत कर दिया। घनश्याम तेरी बंसी पागल कर जाती हैं इस धार्मिक गीत का भी श्रोताओं ने तालियों की गडगड़ाहट के साथ गायक का उत्साहवर्धन किया। सुरज रंग-मंच पार्टी कुरूक्षेत्र द्वारा प्रस्तुत श्रवण जैसे पुत जगत में तथा गीता ज्ञान सुनका बंदे, परले पार उतर जा गा के द्वारा गीता के ज्ञान पर प्रकाश डाला। लोक गायक बाबा धुनीनाथ द्वारा भी अपने गीतों की प्रस्तुति दी गई। इसके अलावा प्रियंका एवं ग्रुप द्वारा हरियाणवी नृत्य की मनमोहक प्रस्तुति दी गई।

### बुजुर्ग व दिव्यांग ई-रिक्शा में बैठकर निशुल्क उठा रहे है महोत्सव का आनंद



अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में कुरुक्षेत्र विकास मंडल कुरुक्षेत्र द्वारा व्यापक प्रबंध व व्यवस्था की गई है। इस महोत्सव में केडीबी के द्वारा बुजुर्गों, महिलाओं एवं दिव्यांगजनों के लिए ई-रिक्शा का निःशुल्क प्रबंध किया गया है। बुजुर्ग लोग ब्रह्मसरोवर के तट पर स्थित स्टॉल का अवलोकन करने के लिए ई-रिक्शा का लाभ उठा सकते है। कैथल से आए 75 वर्षीय दलीप सिंह ने बताया कि वे रोडवेज से सेवानिवृत है तथा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को देखने के लिए आए हैं। उन्होंने कहा कि ई-रिक्शा के द्वारा वे ब्रह्मसरोवर के चारों ओर घूम कर आए हैं। उन्होंने कहा कि सरकार व प्रशासन एवं केडीबी द्वारा अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के लिए बेहतर प्रबंध किए गए है। उन्होंने कहा कि अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव से श्रीमद भगवत गीता का ज्ञान जन-जन तक पहुंच रहा है। कुरुक्षेत्र के ही 78 वर्षीय बुजुर्ग राधाकृष्ण ने कहा कि वे प्रतिवर्ष अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव को देखने के लिए ब्रह्मसरोवर के तट पर आते हैं।

### असम की लोक संस्कृति से रूबरू करवा रहा है असम का पवेलियन



अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में बने असम पवेलियन के द्वारा पर्यटकों को नजदीक से असम की संस्कृति, लोक कला को देखने का अवसर मिल रहा है। असम पैवेलियन में आसाम के ट्रेडिशनल घरों एवं वहां के ग्रामीण आंचल में रहने वाले लोगों की जीवनशैली को डैमों के माध्यम से प्रदर्शित किया गया है। आसामी संस्कृति में प्राचीन काल से मुखौटों का एक बड़ा महत्व रहा है और इन मुखौटों के माध्यम से ही रामायण, महाभारत तथा भगवान कृष्ण के बाल्यकाल में पुतना वध की स्टोरी को प्रदर्शित किया गया है। इसके अलावा सत्रह संस्कृति को भी दिखाया गया है। गुरुकुल पद्धति गुरु शिष्य की परंपरा को भी प्रदर्शनी में दिखाया गया है।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव में सांस्कृतिक प्रस्तुति देते कलाकार।

### श्रीकृष्ण-अर्जुन व वेद व्यास की प्रतिमाओं के साथ लोग ले रहे सेल्फी



अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2023 में भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन की घूमती हुई प्रतिमा के साथ हजारों लोग सेल्फी ले चुके है। इस प्रतिमा के साथ-साथ महर्षि वेद व्यास, भगवान गणेश और श्रीकृष्ण अर्जुन रथ भी सेल्फी लेने वाले पर्यटकों का आकर्षण का केंद्र बन गया है। इन प्रतिमाओं को देखने के लिए हर वर्ग के व्यक्ति में उत्साह देखने को मिल रहा है। अहम पहलू यह है कि मुख्यमंत्री के अतिरिक्त प्रधान सचिव एवं सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग के महानिदेशक डा. अमित अग्रवाल की सोच के कारण ही इस महोत्सव में पहली बार हाईटेक तकनीकी का प्रयोग करके राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में नया करने का अनोखा प्रयास किया गया है। इस राज्यस्तरीय प्रदर्शनी को लाखों लोग देख चुके है और हर समय इस पंडाल में भारी भीड़ देखी जा सकती है। ब्रहमसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की तरफ से राज्यस्तरीय प्रदर्शनी 24 दिसंबर तक चलेंगी। इस प्रदर्शनी का उदघाटन 17 दिसंबर को उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने किया था। इस प्रदर्शनी में प्रवेश करते ही भगवान श्रीकृष्ण और अर्जुन को हाथ में धनुष उठाए हुए, की प्रतिमा स्थापित की हुई है।

### गीता का सार ही जीवन का आधार और यही विश्व कल्याण का रास्ता : डॉ बनवारी

**कुरुक्षेत्र।** हरियाणा के सहकारिता एवं जन स्वास्थ्य मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने कहा है कि अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव ने पूरे विश्व में एक अलग पहचान भारत देश, हरियाणा प्रदेश एवं धर्मक्षेत्र कुरुक्षेत्र को दी है। डॉ बनवारी लाल ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि गीता के सार को ही जीवन का आधार बताया और इसे विश्व कल्याण का मार्ग बताते हुए कहा कि आज पूरे विश्व में गीता का उपदेश फैल रहा है। पूर्व संत शिरोमणि गुरु रविदास जी महाराज की पुण्यतिथि के अवसर पर हरियाणा के सहकारिता मंत्री डॉ. बनवारी लाल ने अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के पावन ब्रह्मसरोवर तट पर श्रीगुरु रविदास मंदिर धर्मशाला व छात्रावास के तत्वावधान में लगाए गए पंडाल मे सपरिवार गुरु रविदास जी के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर शीश नवाया।



कुरुक्षेत्र। गीता जयंती महोत्सव में डॉ. बनवारी लाल को गुरु रविदास जी का चित्र भेंट करते सूरजभान कटारिया।

### हमें विदेशी प्रथा को छोड़कर स्वदेशी प्रथा अपनानी चाहिए: संदीप गर्ग

**कुरुक्षेत्र।** ब्रह्मसरोवर पर चल रही अर्न्तराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में लगे स्वदेशी मेले का मंगलवार को समाजसेवी एवं नेता संदीप गर्ग ने मुख्यातिथि के रूप में शुभारंभ किया। समाजसेवी संदीप गर्ग ने कहा कि सात दिसंबर से कुरुक्षेत्र में चल रही अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में लाखों लोग जयंती का आनंद ले रहे हैं और अनेक प्रकार के कार्यक्रम गीता जयंती में चल रहे हैं। उसी कड़ी में मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के दौरान स्वदेशी मेले का शुभारंभ करने का अवसर प्रदान हुआ। उन्होंने कहा कि हम सभी को विदेशी वस्तुओं को छोडकर स्वदेशी वस्तुएं जो कि हमारे देश में ही बनी हो उनका इस्तेमाल अधिक से अधिक करना चाहिए ताकि हमारे देश का पैसा हमारे देश में ही रहे और वह हमारे देश की उन्नति के लिए काम में आ सकें। मौके पर अश्वनी जैन, हरकेश कुमार, रमेश ढांडा, कपिल कुमार, मनदीप, प्रवीण वधवा, मित्रसेन, अजय जांगड़ा, सुरेन्द्र कुमार, योगेश कुमार आदि मौजूद थे।



कुरुक्षेत्र। अर्न्तराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव में लगे स्वदेशी मेले में संदीप गर्ग को सम्मनित करते पदाधिकारी। 19केयूके03

### प्रसिद्घ गायक कशिश मित्तल ने भजनों से श्रोताओं को किया मंत्रमुग्ध

**कुरुक्षेत्र।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में पुरुषोत्तमपुरा बाग में बनाए गए सांस्कृतिक पंडाल में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही। भजनों एवं गीतों के माध्यम से बाहर से आने वाले पर्यटकों का जहां भरपूर मनोरंजन किया जा रहा है, वहीं पर्यटक प्राचीन संस्कृति से भी रूबरू हो रहे हैं। प्रसिद्घ भजन गायक कशिश मित्तल ने सैमी क्लासिकल, धार्मिक गीतों भजनों के द्वारा श्रोताओं का मन मोह लिया। उन्होंने श्रीमद भगवत गीता के शोक यदा यदा ही धर्मस्य, ग्लानि भवति भारत्य के द्वारा अपनी प्रस्तुति की शुरूआत की। कलाकार कशिश मित्तल ने धार्मिक गीत ब्रिज वसंतम,नवनीत चरम तथा श्री कृष्ण गोविन्द हरे मुरारी, हे नाथ वासुदेवा आदि भजनों के द्वारा वातावरण को धार्मिक कर दिया। इनके गीतों भजनों का दर्शकों द्वारा भरपूर आनंद लिया गया और तालियों के साथ श्रोताओं ने उनका उत्साहवर्धन किया। उनके द्वारा प्रस्तुत किए गए भजनों में श्रीमद्भागवत गीता तथा हमारी प्राचीन संस्कृति की झलक साफ दिखाई दे रही थी।

### गोकुल चंद की पुण्यतिथि पर लगाया रक्तदान शिविर

**कुरुक्षेत्र।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के अवसर पर सर्व समाज कल्याण सेवा समिति द्वारा ब्रह्मसरोवर के तट पर 749 नंबर स्टॉल पर रक्तदान शिविर मंगलवार को भी जारी रहा। शिविर की अध्यक्षता समिति के प्रदेशाध्यक्ष रामेश्वर सैनी ने की। रामेश्वर सैनी ने बताया कि शिविर का आयोजन समाजसेवी रहे गोकुल चंद वधवा की पुण्यतिथि पर लगाया गया है। शिविर में 10 रक्तदाताओं ने रक्तदान किया। रामेश्वर सैनी ने रक्तदाताओं को बैज लगाकर उनका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि रक्त की एक-एक बूंद कीमती है। जिनके परिजन, रिश्तेदारों का जीवन बचाने के लिए रक्त की जरूरत पड़ती है उनसे ज्यादा रक्त की कीमत कोई नहीं समझ सकता है। रक्तदान का महत्व सामाजिक व धार्मिक आयोजन के समान है। रक्तदानकर्ता अपरोक्ष रूप से महापुण्य प्राप्त करने का अधिकारी बन जाता है। रक्त शिविरों के माध्यम से एकत्र रक्त जीवन बचाने के काम आता है।



कुरुक्षेत्र। शिविर में रक्तदान करते रक्तदाता।

## हरियाणा की संस्कृति व आपसी भाईचारे का दिया जा रहा संदेश

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव के द्वारा हरियाणा की लोक संस्कृति व आपसी भाईचारे का संदेश दिया जा रहा है। प्रदेश के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के प्रयासों से गीता जयंती को अंतरराष्ट्रीय रूप दिया गया जिसके कारण आज यह महोत्सव पूरे विश्व में बड़ी धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। यह विचार हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहर लाल के राजनीतिक सलाहकार भारत भूषण भारती ने मंगलवार को कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय व कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित हरियाणा पवेलियन में आयोजित सांस्कृतिक संध्या में मुख्यातिथि के तौर पर व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि गीता जयंती महोत्सव में हरियाणा पवेलियन जहां हरियाणा की लोक संस्कृति का प्रचार-प्रसार कर रहा है। वहीं इसके द्वारा लोगों को हरियाणा की लोक संस्कृति, रीति-रिवाज, परंपरा, वेशभूषा, खानपान, लोक व्यवहार की जानकारी भी दी जा रही है। इससे युवाओं को अपनी संस्कृति से रूबरू होने का भी मौका मिलेगा। हरियाणा पवेलियन में पहुंचने पर युवा एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम विभाग के निदेशक प्रो. महासिंह पूनिया, डॉ. ज्ञान चहल, डॉ. सुशील टाया ने स्वागत किया। प्रो. महासिंह पूनिया ने कहा कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा के निदेर्शानुसार हरियाणा पवेलियन में हरियाणा की लोक संस्कृति के साथ-साथ समृद्ध व विकसित हरियाणा को दिखाया गया है तथा लोगों को आत्मनिर्भर भारत व स्वावलम्बी भारत के बारे में जानकारी दी जा रही है।





## योग से मधुमेह सहित सभी रोगों का निवारण संभव है: श्रीनिवास मूर्ति

- चार सफेद वस्तुएं - चीनी, मैदा, आयोडाइज्ड नमक और रिफाइंड ऑयल हमारे स्वास्थ्य को निरंतर खराब कर रही : श्रीनिवास मूर्ति

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव के उपलक्ष्य में हरियाणा योग आयोग द्वारा आयोजित 8 दिवसीय ध्यान योग शिविर के तीसरे दिन आज योग भारती, आरोग्य भारती एवं विद्या भारती ने संयुक्त रूप से योगाभ्यास करवाया।

हरियाणा योग आयोग की ओर से मुख्य अतिथि योग भारती संस्था के संस्थापक माननीय श्रीनिवास मूर्ति जी व विशिष्ट अतिथि आरोग्य भारती के डॉ श्याम जी का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। मुख्य अतिथि श्रीनिवास मूर्ति, विशिष्ट अतिथि डॉ श्याम, हरियाणा योग आयोग के प्रथम रजिस्ट्रार डॉ हरिश्चंद्र, आयोग के सदस्य एवं योग भारती के प्रांत प्रभारी डॉ कुलदीप सिंह, आयोग के सदस्य एवं शिविर के संयोजक डॉ मनीश कुकरेजा, मंच संचालक गुलशन कुमार ग्रोवर सहित शिविर की प्रतिभागी योग संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। योग भारती के संस्थापक माननीय श्रीनिवास मूर्ति ने सूक्ष्म योगाभ्यास एवं ऐसी ऐसी अद्भुत योग क्रियाएं करवाईं और बताया कि चार सफेद वस्तुएं - चीनी, मैदा, आयोडाइज्ड नमक और रिफाइंड ऑयल - हमारे स्वास्थ्य को निरंतर खराब कर रही हैं। इन की जगह हम गुड़, मोटे अनाज का आटा, सेंधा या काला नमक तथा सरसों, मूंगफली, तिल या नारियल का तेल अथवा कम मात्रा में देसी गाय का घी प्रयोग करके स्वस्थ रह सकते हैं।





कुरुक्षेत्र। योगासन खेल के विद्यार्थियों को सम्मानित करते मुख्य अतिथि श्रीनिवास मूर्ति हरियाणा योग आयोग के अधिकारी एवं योगासन खेल संघ के प्रतिनिधि।

## नई मार्केट फीस के विरोध में सब्जी मंडी रहेगी बंद

**कुरुक्षेत्र।** सब्जी मंडी आढ़ती एसोसिएशन ने हरियाणा सरकार की ओर से सब्जी मंडियों पर थोपे गए एक मुश्त कर में भारी वृद्धि की निंदा की है। साथ ही तय किया गया कि इस निर्णय के खिलाफ 20 दिसंबर को प्रदेशव्यापी सब्जी मंडी बंदी में कुरुक्षेत्र भी शामिल होगा। कुरुक्षेत्र की नई सब्जी मंडी भी पूरी तरह बंद रहेगी। चेतावनी दी गई कि यदि कर बढ़ोतरी को वापस नहीं लिया गया तो 15 जनवरी से बेमियादी हड़ताल शुरू की जाएगी। नई सब्जी मंडी एसोसिएशन के प्रधान राकेश अरोड़ा ने बताया कि 20 दिसंबर को थानेसर की नई सब्जी मंडी में कामकाज ठप रहेगा। इस दौरान कोई आढ़ती बोली नही करेगा। उन्होंने किसानों से अपील की है कि वे 20 दिसंबर बुधवार को सब्जी मंडी में सब्जी व फल लेकर न आए। राकेश अरोड़ा ने कहा कि प्रदेश सरकार मनमाने कानून बना कर उन्हें परेशान कर रही है। पूर्ववर्ती सरकार ने सब्जी मंडी को मार्केट फीस से मुक्त कर दिया था, लेकिन इस सरकार ने आते ही मार्केट फीस को लागू कर दिया। आढ़तियों ने नई अधिसूचना को काला कानून बताया। उन्होंने कहा कि सरकार ने 50 प्रतिशत टैक्स बढ़ा कर फीस वसूलने की बात कही है। यह कैसे संभव है। जब सब्जी फल बिके ही नहीं, तो फीस को कैसे तय किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि मार्केट फीस और आरडीएफ को मनमाने तरीके से थोपा जा रहा है। तीन साल बीत गए मगर सरकार ने फीस वापस लेने की बजाए नई अधिसूचना जारी कर दी।

## हिसार सफेदा वैरायटी के एक पेड़ पर हो रही है 50 किलो अमरुद की पैदावार

- अहम पहलू यह है कि एक अमरुद का वजन 180 ग्राम तक भी हो सकता है

**कुरुक्षेत्र।** सफेदा वैरायटी के एक पेड़ से 50 किलो अमरुद की पैदावार प्राप्त हो रही है। यह पैदावार 5 साल का पेड़ होने पर मिलती है। इस वैरायटी की खेती करने वाले किसान मोटा मुनाफा कमा सकते है। अहम पहलू यह है कि एक अमरुद का वजन 180 ग्राम तक भी हो सकता है। इस हिसार सफेदा वैरायटी की एक लाख पौध हर साल लाडवा और भूना फल केंद्र से सेल की जा रही है।

अंतर्राष्टद्रीय गीता महोत्सव-2023 में सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की तरफ से ब्रहमसरोवर पुरुषोतमपुरा बाग में लगाई गई राज्यस्तरीय प्रदर्शनी में बागवानी विभाग की तरफ से विशेष स्टॉल लगाया गया है। इस स्टॉल पर हिसार सफेदा वैरायटी के साथ-साथ किन्नू, संतरा आदि फलों के अलावा घरौंडा सब्जी केंद्र की सब्जियों को भी रखा गया है।

यहां पर हिसार सफेदा वैरायटी के अमरुदों को विशेष तौर पर लोग पसंद कर रहे है और इसकी पौध की मांग भी कर रहे है। बागवानी विभाग से विशेषज्ञ डा. अशोक कुमार का कहना है कि बागवानी विभाग की तरफ से लाडवा और भूना फल केंद्र में नए वैरायटी के फलों को तैयार किया जाता है और भूना में विशेष तौर पर अमरुद की वैरायटी पर काम किया जाता है। उन्होंने कहा कि हिसार सफेदा अमरुद की एक लाख पौध हर साल बेची जाती है, यह पौध उत्तर प्रदेश, राजस्थान, हिमाचल, उतराखंड, पंजाब और हरियाणा के राज्यों से लोग खरीद कर लेकर जाते है। इस वैरायटी का पौधा दूसरे साल में ही फल देना शुरू कर देता है और दूसरे साल में एक पौधे पर 10 किलो अमरुद की पैदावार ली जा सकती है।

इस वैरायटी के पौधे की उम्र 5 साल होने पर एक पेड़ से 50 किलो तक फल की पैदावार ली जा सकती है। इस वैरायटी की खेती करने से किसान मोटा मुनाफा कमा सकते है। एक एकड़ में 15 फीट की दूरी पर पौधा लगाना चाहिए।



### भगवद्गीता पूरी मानवता के कल्याण का ग्रंथ

## वसुधैव कुटुम्बकम की सोच गीता के हर श्लोक में

- कार्यक्रम में गीता पर आधारित पढ़े गए शोध पत्रो, पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज के विजेताओं को सभी अतिथियों ने पुरस्कृत किया

हरिभूमि न्यूज. कुरुक्षेत्र

गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि पूरी वसुधा एक परिवार है। यही सनातन की सोच है और यही गीता का सार है। भगवद्गीता केवल हिंदुओं के लिए ही नहीं पूरी मानवता के कल्याण का ग्रंथ है। इसके 700 श्लोकों में हिन्दू शब्द कहीं भी नहीं है। गीता में सभी प्राणियों का हित चिंतक परमपिता परमात्मा को बताया गया है। वे मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव पर कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड, हरियाणा सरकार के सहयोग से वसुधैव कुटुंबकम श्रीमदभगवद् गीता और वैश्विक एकता विषय पर आयोजित तीन दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी के समारोप अवसर पर बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। इससे पहले दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया व मुख्यातिथि द्वारा सेमिनार के शोधपत्रों पर आधारित संकलित रिपोर्ट का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में गीता पर आधारित पढ़े गए शोध पत्रो, पोस्टर प्रतियोगिता, क्विज के विजेताओं को सभी अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद जी महाराज ने कहा कि प्रकृति और सभी प्राणियों में एक ही तत्व विद्यमान है। विद्युत उपकरणों व उनके कार्य अलग-अलग हो सकते हैं लेकिन उनको संचालित करने के लिए विद्युत एक ही है। इसी प्रकार सभी प्राणियों में परमपिता परमात्मा एक ही है जिससे पूरा ब्रह्मांड संचालित हो रहा है। शांत मन, शीतल स्वभाव, भगवद् गीता का प्रभाव है। वसुधैव कुटुम्बकम की सोच गीता के हर श्लोक में मिलती है। इसके साथ ही उन्होंने 23 दिसम्बर को प्रातः 11 बजे एक मिनट गीता पाठ से जुड़ने का सभी से आह्वान किया। समारोह के विशिष्ट अतिथि मुख्यमंत्री के राजनैतिक सलाहकार भारत भूषण भारती ने कहा कि प्रारम्भिक तौर पर 1972-73 में भारत सेवाश्रम द्वारा गीता जयंती मनाई जाती थी। वहीं 1996 में प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के कुरुक्षेत्र आगमन पर इसे राज्य स्तरीय स्तर पर मनाया जाने लगा।



कुरुक्षेत्र। शोधपत्रों पर आधारित संकलित रिपोर्ट का विमोचन करते स्वामी ज्ञानानंद व अन्य।

## खबर संक्षेप

### धोखाधड़ी के मामले में आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** शहर में दर्ज धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने आरोपी विशाल को काबू किया है। इसके बाद उसे जमानत पर रिहा कर दिया। पंचकुला के सेक्टर 12 के वीरेंद्र ने शिकायत दर्ज करवाई थी कि 19 अप्रैल 2007 से 23 मई 2022 के दौरान इंद्रपुरी कॉलोनी में आरोपी विशाल व अन्य ने उसके बुआ के लड़के कुलदीप आनंद के साथ अदालत में सिविल दावा होते भी मकान बेचने का सौदा करने तथा बैंक से उक्त मकान पर लोन लेकर रजिस्ट्री अन्य के नाम करवाने की धोखाधड़ी करने का अपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### किशोरी से दुर्व्यवहार का आरोपित गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना सदर क्षेत्र में किशोरी से दुर्व्यवहार के मामले में पुलिस ने आरोपी रोहित कुमार को गिरफ्तार किया है। अब उसे जेल भेज दिया गया है। पीड़िता के पिता ने 18 दिसंबर को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 17 को आरोपी रोहित ने किशोर पुत्री से दुर्व्यवहार कर जान से मारने की धमकी देने का अपराधिक कार्य किया है।

### चोरी का आरोपित एक दिन के रिमांड पर

**अंबाला।** थाना मुलाना में दर्ज चोरी के मामले में सीआईए-शहजादपुर ने आरोपी भोला उर्फ पोला को गिरफ्तार किया है। अब आरोपी को एक दिन के रिमांड पर लिया गया है। सोहाना गांव के गुलाब सिंह ने 24 नवंबर को शिकायत दर्ज करवाई थी कि 22/23 की रात्रि गांव सोहाना से किसी ने उसके ट्यूबवेल से तारें चोरी कर ली है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### धमकी देने के मामले में आरोपित पकड़ा

**अंबाला।** महिला पुलिस थाना नारायणगढ़ में दर्ज अभद्र व्यवहार कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आरोपी जगदीप सिंह को गिरफ्तार किया है। अब उसे जेल भेज दिया गया है।

# नन्हे छात्रों ने मचाया धमाल, पंजाबी-हरियाणवी गीतों पर जमकर थिरके

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला








**अंबाला।** कार्यक्रम में पहुंचने पर विधायक असीम गोयल का अभिनंदन करते समिति पदाधिकारी व रंगारंग प्रसतुतियां देते छात्र। फोटो :हरिभूमि


अंबाला शहर के एसए जैन कॉलेज के सभागार में पटेल रोड स्थित पीकेआर जैन मॉडल प्राइमरी स्कूल का वार्षिक उत्सव पूरे उत्साह के साथ आयोजित किया गया। समारोह में छात्रों ने रंगारंग प्रस्तुतियों में अपनी प्रतिभा का जबरदस्त जलवा दिखाया। समारोह में मौजूद शक्षिकों के साथ छात्रों के अभिभावकों ने भी बच्चों की प्रतिभा देखकर जमकर सराहना की। समारोह में विधायक असीम गोयल बतौर मुख्यअतिथि पधारे थे जबकि गेस्ट ऑफ ऑनर के तौर पर जिला मौलिक शक्षिा अधिकारी सुधीर कालड़ा मौजूद हुए। यहां पहुंचने पर स्कूल प्रबंधक समिति के प्रधान धर्मपाल जैन, संयोजक महेंद्र जैन व प्रिंसिपल विजय लक्ष्मी भगत ने विधायक व डीईईओ का बुके देकर अभिनंदन किया। इससे पहले प्रधान धर्मपाल जैन व संयोजक महेंद्र जैन ने बताया जैन समाज ने बच्चों को बेहतर शक्षिा देने के मकसद से सन 2000 में पीकेआर जैन मॉडल प्राइमरी स्कूल एक पौधे के रुप में शुरू हुआ था। शुरूआत में स्कूल में केवल 90 बच्चे थे लेकिन अब यह स्कूल वट वृक्ष बन चुका है। उन्होंने बताया कि इस समय स्कूल में 600 से ज्यादा बच्चे शक्षिा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्कूल शक्षिा के क्षेत्र में निरंतर बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रहा है। शक्षिा के साथ यहां खेलूकूद व दूसरी स्पर्धाओं में भी बच्चे अपनी प्रतिभा का हुनर दिखा रहे हैं। प्रिंसिपल विजयलक्ष्मी भगत ने स्कूल की उपलब्धियों से जुड़ी रिपोर्ट पढ़ी। उन्होंने बताया कि यहां पढ़ने वाले हर छात्र के सर्वांगीण विकास पर जोर दिया जा रहा है। शक्षिा के साथ हर बच्चे को हर क्षेत्र में मजबूत करने पर जोर दिया जा रहा है। उन्होंने बताया कि यहां शुरूआती शक्षिा ग्रहण करने वाले छात्र भवष्यि में बड़ी उपलब्धियां हासिल कर रहे हैं। इसके बाद छात्रों ने रंगारंग कार्यक्रमों से पूरी माहौल की रंगत बदल दी। लगभग 250 बच्चों ने रंगारंग स्पर्धाओं में अपनी कला का प्रदर्शन किया। नन्हे मुन्ने बच्चों की देश भक्ति की आइटम और हरियाणवी डांस , पंजाबी भंगड़ा बॉलीवुड सांग एवं फैशन शो बहुत ही आकर्षक ढंग से प्रस्तुत किया गया। इसी वजह से यहां मौजूद लोग ये नजारा देखकर तालियां बजाने पर मजबूर हो गए। विधायक असीम गोयल यहां शानदार प्रतिभा दिखाने वाले छात्रों की जमकर प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि शक्षिा के मामले में जैन समाज अग्रणी भूमिका निभा रहा है। उन्होंने कहा कि अंबाला शहर में कई जैन शक्षिण संस्थानों में जरुरतमंद बच्चे शक्षिति होकर जीवन की बुलंदियों को हासिल कर रहे हैं।

## कानून का उल्लंघन करने पर एक माह की जेल

# अब उपायुक्त ऑफिस और कोर्ट में नहीं कर सकेंगे धरना-प्रदर्शन

भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के अनुसार किसी भी पब्लिक सर्वेंट द्वारा जारी किए गए ऑर्डर को न मानने वालों के खिलाफ सजा का प्रावधान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला




डीसी की ओर से जारी किया गया फरमान।

प्रशासन ने नए फरमान पर बवाल हो गया। डीसी की ओर से जारी एक नोटिस में अब डीसी ऑफिस और कचहरी कंपाउंड पर धरना प्रदर्शन करने पर रोक लगाने के आदेश जारी किए गए हैं। आदेश तोड़ने वालों के खिलाफ डीसी ने धारा-188 के तहत कार्रवाई अमल में लाने की बात कही है। डीसी के आदेशानुसार ऑफिस के मुख्य द्वार पर यह नोटिस चस्पाया गयया है। अब प्रशासन के इस आदेश पर कई संगठनों ने कड़ी आपत्ति जताई है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व कोषाध्यक्ष एडवोकेट रोहित जैन का कहना है कि यह प्रशासन का तुगलकी फरमान है। हर नागरिक को 'राइट टू फ्रीडम' यानी धरना-प्रदर्शन करना संवैधानिक अधिकार है। विचारों की अभव्यिक्ति के तहत देश के हर नागरिक को यह अधिकार मिला है। इसके तहत कोई भी शख्स कानून के दायरे में धरना, प्रदर्शन या फिर भाषण आदि दे सकता है। उन्होंने कहा कि अनुच्छेद-19 के तहत हर नागरिक को विचार और अभव्यिक्ति का अधिकार मिला हुआ है। अगर प्रशासन के आगे ही अपनी समस्याओं को नहीं उठाएंगे तो लोग कहां जाएंगे? बता दें कि डीसी दफ्तर के बाहर एक नोटिस लगाया गया है, जिसमें लिखा गया है कि उपायुक्त कार्यालय, कचहरी कंपाउंड में किसी भी प्रकार का धरना प्रदर्शन करना अवैध है। उक्त सूचना के बावजूद भी यदि किसी भी प्रकार का कोई धरना प्रदर्शन इस स्थल पर किया जाता है तो आयोजक के खिलाफ धारा-188 के तहत केस दर्ज की जाएगा।भारतीय दंड संहिता की धारा-188 के अनुसार किसी भी पब्लिक सर्वेंट द्वारा जारी किए गए ऑर्डर को न मानने वालों के खिलाफ सजा का प्रावधान है। इस कानून का उल्लंघन करने या कानून व्यवस्था को तोड़ने पर दोषी को कम से कम एक महीने की जेल या 200 रुपए जुर्माना या फिर दोनों की सजा हो सकती है।

### जगह निर्धारित नहीं

डीसी की ओर से जारी किए गए फरमान में अभी तक धरना प्रदर्शन करने वालों के लिए कोई जगह नर्धिारित नहीं की गई है। इससे पहले भी प्रशासन की ओर से ऐसे फरमान निकाले गए थे। हालांकि विरोध के बाद फरमान बाद में वापिस ले लिए गए। हालांकि तब जारी किए गए फरमान में धरने प्रदर्शनों क लिए डीसी की ओर से जगह नर्धिारित की गई थी। मगर अभी तक प्रशासन की ओर से ऐसी किसी जगह का नर्धिारण नहीं किया गया है।

### कई संगठनों ने भी विरोध जताया

*भारतीय किसान यूनियन शहीद भगत सिंह के प्रदेशाध्यक्ष अमरजीत मोहड़ी समेत कई संगठनों के पदाधिकारियों ने डीसी के इस फरमान पर कड़ा विरोध जताया है। उन्होंने कहा कि पहले कभी ऐसे फरमान जारी नहीं हुए। उन्होंने कहा कि अगर उनकी मांगों पर विचार नहीं होगा तो फिर वे अपने बात रखने के लिए कहां जाएंगे। उन्होंने कहा कि भाकियू ऐसे फरमानों का हमेशा विरोध करती रहेगी। उन्होंने साफ कहा कि कानून के दायरे में हर व्यक्ति को अपनी बात रखने का अधिकार है। ऐसे में वे किसी फरमान पर गौर नहीं करेंगे। जरुरत पड़ने पर डीसी ऑफिस के बाहर अपनी बात रखने के लिए धरना भी देंगे।*

### विज के आदेश पर दो के खिलाफ शिकायत दर्ज

- लोगों का आरोप महिला के साथ मिलकर करते हैं नशा तस्करी, अब पुलिस ने शुरू की कार्रवाई

**अंबाला।** छावनी की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहने वाले दो आरोपियों पर पुलिस ने केस दर्ज किया है। यहां रहने वाले कुछ लोगों ने गृहमंत्री अनिल विज को शिकायत देकर आरोपियों पर नशा तस्करी में संलप्ति होने के साथ ही गैर कानूनी गतिविधियों को अंजाम देने व गाली गलौज करने के बाद मारपीट करने के भी आरोप लगाए हैं। परिवादियों का आरोप है कि आरोपियों के साथ महिला भी है जोकि नशा तस्करी में सलप्ति है। अब पुलिस आरोपियों के खिलाफ जांच कर रही है। विज को सौंपी शिकायत में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी के रहने वालेभारत शर्मा, पुनीत कुमार, नरेश कुमार व प्रदीप कुमार ने बताया कि यहीं के पवन कुमार और अनुराग दोनों आपराधिक प्रवृत्ति के व्यक्ति हैं। पवन, अनुराग और कच्चा बाजार निवासी रजनी आपस में मिलकर नशीले पदार्थ बेचने का धंधा करते है।

# छेड़छाड़ करने का आरोपित मारने की धमकी देकर फरार

- पुलिस ने किशोरी की शिकायत पर आरोपी के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

किशोरी से छेड़छाड़ करने वाले एक व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने केस दर्ज किया है। आरोपी किशोरी को जान से मारने की धमकी देने फरार हो गया है। आरोप है कि ट्यूशन जाते वक्त आरोपी किशोरी का हाथ पकड़ साथ चलने की बात बोलता था। छात्रा ने मां को आपबीती बताई। जब उसकी मां ने मौके पर पहुंच इसका विरोध किया तो आरोपी देख लेने की धमकी देकर फरार हो गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ पॉक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला शहर की रहने वाली किशोरी ने बताया कि वह ओपन बोर्ड से 10वीं क्लास के पेपर की तैयारी कर रही है। वह 15 दिन से ट्यूशन सेंटर पर पढ़ाई करने के लिए जा रही है। पिछले कई दिनों से एक व्यक्ति रोजाना पुली के पास बनी दुकानों के पास खड़ा होकर कमेंट करता था। किशोरी का आरोप है कि आरोपी ने उसे कहा कि मेरे साथ चलेगी या नहीं ? यही नहीं आरोपी ने उसे चाकू तक दिखाया। वह पिछले 10 दिन से बीमार चल रही थी। जिसकी वजह से वह कभी-कभी ट्यूशन पढ़ने जाती थी। उसने छेड़छाड़ की यह बात अपनी मां को बताई। बीते रोज दोपहर ढाई बजे ट्यूशन पढ़ने जा रही थी तो आरोपी वहीं खड़ा था। आरोपी के साथ एक्टिवा पर एक लड़का और था। उसकी मां पीछे-पीछे आ रही थी। उसने आरोपी से पूछा कि आप क्यों परेशान करते तो। आरोपी ने उसका हाथ पकड़ लिया। जब उसकी मां ने आरोपी का विरोध किया तो उसने धमकी दी कि तुम्हें तो में देख लूंगा। उसके बाद आरोपी फरार हो गया। उन्होंने डायल-112 पर कॉल करके इसकी सूचना दी। पुलिस मौके पर पहुंची तो आरोपी घर से भी फरार मिला। अंबाला शहर कोतवाली थाना प्रभारी मुनीष शर्मा ने बताया कि पुलिस को एक महिला ने अपनी 16 साल की बेटी से व्यक्ति द्वारा छेड़छाड़ की शिकायत सौंपी है। पुलिस मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जल्द ही आरोपी को काबू कर लिया जाएगा।

# डीईईओ ने किया औचक निरीक्षण

## राजकीय प्राथमिक स्कूल में चल रही मेगा मॉनिटरिंग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा




- निपुण हरियाणा के तहत कमजोर छात्रों को शिक्षा में अग्रणी बनाने के लिए तैयार हो रही है योजना

**बराड़ा।** शिक्षा अधिकारी गतिविधियों का निरीक्षण करते। फोटो :हरिभूमि

गांव नाहरा- देहरा में स्थित राजकीय प्राथमिक पाठशाला का मंगलवार को जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा द्वारा औचक निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने निपुण हरियाणा के अंतर्गत कक्षा दूसरी व तीसरी में प्रांतीय स्तर पर चल रही /"मेगा-मॉनिटरिंग/" के तहत औचक निरीक्षण किया । बीआरपी वीरेंद्र सिंह द्वारा मेगा-मॉनिटरिंग के लिए कक्षा दूसरी व तीसरी का मॉक आंकलन लिया जा रहा था ' इसके अतिरिक्त राजकीय वरष्ठि माध्यमिक वद्यिालय, नाहरा-देहरा में विकसित भारत संकल्प यात्रा में ऑनलाइन बैंकिंग, शक्षिा विभागीय से जुड़ी स्कीमों पर बनाए गए विभन्नि चार्ट,मॉडलों सहित लगाई गई प्रदर्शनी का भी निरीक्षण किया ' निपुण हरियाणा के अंतर्गत विभन्नि जांच-पड़ताल की गई ' शक्षिक द्वारा पहले चार दिन शक्षिण कार्य करवाने उपरांत 6वें दिन सीखने में कमजोर वद्यिार्थी हेतु शक्षिण योजना तैयार करवा पढ़ाई करवाई जा रही है ' स्व नर्मिति शक्षिण सामग्री बनाकर गतिविधि आधारित कार्य पर बल दिया जा रहा था।

इस दौरान स्टेक होल्डर्स द्वारा प्रक्रिया को भी गुणात्मकता आधार पर जांचा व पूर्ण पारदर्शिता अनुसार कार्य चलता हुआ पाया गया ' निपुण हरियाणा के उद्देश्यों के आधार पर कक्षा - कक्ष में शक्षिण अधिगम प्रकिया पर सांझी समझ विकसित को लेकर शक्षिक-संदर्शिका व अभ्यास-पुस्तिका पर सुचारू रूप से कार्य चल रहा था ' आगामी महीने में होने वाले सावधिक आंकलन -'' एवम उसकी रणनीति पर चर्चा की व बच्चों के आकलन परिणाम को बेहतर बनाने के लेकर योजना पर सर्व शक्षिकों सहित विचार-विमर्श भी किया ताकि सकारात्मक परिणाम प्राप्त किए जा सके । शिक्षा अधिकारी ने प्रतिदिन के कार्य को बच्चों के व्हाट्सएप ग्रुप में सांझा करना और समयानुसार अभिभावकों की मीटिंग का आयोजन करना इत्यादि पर विशेष ध्यान देने के नर्दिश दिए।

# स्लम बस्तियों के साथ मिलेंगे अब अवैध कॉलोनियों में बिजली कनेक्शन

- बिजली निगम की साइट पर आवेदन के साथ शपथपत्र करना होगा अपलोड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारायणगढ़

उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की ओर से अब स्लम बस्तियों के साथ अवैध कॉलोनियों में रहने वाले परिवारों को भी बिजली कनेक्शन मिलेंगे। निम के कार्यकारी अभियंता संजीव सिवाच ने बताया कि निगम द्वारा अब स्लम बस्तियां और अवैध कॉलोनी में रहने वाले लोगों को भी अब आसानी से बिजली कनेक्शन मिल जाएगा। पहले यह बिजली निगम की कड़ी शर्तों की वजह से नहीं मिल पाता थे। अब नई नीति के अनुसार ऑनलाइन आवेदन कर कोई भी बिजली का कनेक्शन ले सकता है। इससे एक तरफ जहां निगम का राजस्व बढ़ेगा वहीं गरीबों का घर भी रोशन होगा । अभी तक स्लम बस्तियों और अवैध कॉलोनी कनेक्शन नहीं मिलने पर या तो दूसरे विकल्पों का सहारा लेते थे या फिर बिजली चोरी करते थे। अब कनेक्शन लेने के लिए उपभोक्ता को ऑनलाइन आवेदन उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम की वेबसाइट पर करना होगा। ऑनलाइन फॉर्म भरने पर उपभोक्ता को एफिडेविट और क्षतिपूर्ति बांड भी ऑनलाइन जमा करना होगा। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए कुछ दिनों के बाद ही उपभोक्ता को बिजली का कनेक्शन मिल जाएगा। अब उपभोक्ता बिजली के बिल से मकान के मालिकाना हक का दवा नहीं कर सकता न ही यह बिल किसी भी दस्तावेज के लिए मान्य होगा। स्लम बस्तियों और अवैध कॉलोनी में मीटर का कनेक्शन न मिल पाने की वजह से बिजली की चोरी की घटनाएं काफी ज्यादा सामने आ रही थी। कनेक्शन मिलने से लोगों को न सर्फि बिजली मिल सकेगी बल्कि बिजली चोरी की होने की घटना भी रुकेगी।

### ससुर के मकान से बहु सामान चोरी कर फरार


**अंबाला।** ससुर ने बहू के खिलाफ चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। व्यक्ति ने मुताबिक उसका बड़ा बेटा पिछले एक साल से किराए के मकान में अलग रह रहा है। उनका उससे कोई लेना-देना नहीं है। जब वे अपने घर नहीं थे तो पीछे से उसके बेटे की बहू कैश, सोने के जेवर समेत अन्य कीमती सामान चोरी करके ले गई।वारदात घर में लगे सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हुई है। पुलिस ने ससुर की शिकायत पर बहू के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अंबाला शहर के दुर्गा नगर के गोविंद लाल ने बताया कि वह मनियारी का काम करता है। उसके पास 2 बेटे हैं। बड़ा बेटा शादीशुदा है, छोटा बेटा कुंवारा है। उसका बड़ा बेटा पिछले एक साल से अपने परिवार सहित दुर्गा नगर में अलग किराए के मकान में रह रहा है।पिता ने बताया कि अलग होते हुए उसका बेटा सारा सामान ले गया था। उनका उससे कोई लेना देना नहीं।

**समस्या** स्वास्थ्य मंत्री ने विधानसभा में विधायक वरुण चौधरी के सवाल पर दिया जवाब

# राज्य के सरकारी अस्पतालों में प्लेटलेट्स चढ़ाने की 11 मशीनें

18 अतिरिक्त प्लेटलेट्स मशीनें उपलब्ध कराने का प्रस्ताव अभी विचाराधीन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बराड़ा



राज्य के सरकारी अस्पतालों में केवल 11 एफेरसिस यानि प्लेटलेट्स चढ़ाने वाली मशीनें ही उपलब्ध हैं। इनमें 4 एफेरसिस मशीनें जिला नागरिक अस्पतालों में ,6 सरकारी/सरकारी सहायता प्राप्त मेडिकल कॉलेजों में तथा 1 रेडक्रॉस ब्लड सेंटर में मौजूद हैं। राज्य सरकार की ओर से 18 अतिरिक्त एफेरसिस मशीनों को उपलब्ध कराने का प्रस्ताव अभी विचाराधीन है। विधानसभा में मंगलवार को स्वास्थ्य मंत्री अनिल विज ने इसकी जानकारी दी। मुलाना विधायक वरुण चौधरी द्वारा इसकी जानकारी मांगी गई थी। विधायक ने विधानसभा में सवाल लगाकर राज्य के सरकारी अस्पतालों में कार्यरत एकेरसिस मशीनों (प्लेटलेट्स मशीन) की जिलेवार संख्या तथा राज्य में हाल ही में प्लेटलेट्स की कमी के कारण हुई मौतों के मध्यनजर मशीनों की संख्या बढ़ाने के विचाराधीन प्रस्ताव को लेकर जवाब मांगा था। विधायक ने कहा कि मंत्री द्वारा दी गई जानकारी से पता चलता है कि प्रदेश में प्लेटलेट्स चढ़ाने की मशीनों की बहुत ज्यादा कमी है। प्रदेश के कई जिलों में तो ये मशीन है ही नहीं जिसमें खुद स्वास्थ्य मंत्री का जिला भी शामिल है।

### मशीनों को उपलब्ध करवाना चाहिए



प्लेटलेट्स मशीनें न होने पर प्लेटलेट्स न चढ़ पाने के कारण बहुत से लोगों की मृत्यु हुई है। विधायक ने कहा कि लोगों में बुखार के कारण एकदम से प्लेटलेट्स की कमी हो रही है और प्लेटलेट्स चढ़ाने की मशीन अस्पतालों में उपलब्ध न होने के कारण पीड़ति को सही इलाज़ नहीं मिल रहा है। सरकार को इस गंभीर समस्या की तरफ ध्यान देकर प्लेटलेट्स मशीनों को जिला अस्पतालों के साथ -साथ प्रदेश की हर सीएचसी में भी जल्द इन मशीनों को उपलब्ध करवाने का काम करना चाहिए।

# ग्रामीण आंचल की महिलाओं ने खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया



हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

राजीव गांधी खेल स्टेडियम सेक्टर 10 में ग्रामीण महिला खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें ग्रामीण आंचल की महिलाओं ने अपनी खेल प्रतिभा का लोहा मनवाया। महिला एंव बाल विकास परियोजना अधिकारी सुमन बाला ने बताया कि प्रतियोगिता में 18 से 30 वर्ष की बालिकाओं व 30 से 45 वर्ष की महिलाओं द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया गया। इसमें विभन्नि प्रकार के खेल जैसे चाटी रेस, 100 मीटर रेस, आलू रेस, साइकिल रेस, 400 मीटर रेस, 200 मीटर रेस की स्पर्धाएं हुई। इस प्रतियोगिता में महिला एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी सुमन बाला द्वारा सुपरवाइजर अनिता, रमा रानी, कोच व हेल्थ विभाग के अधिकारियों की उपस्थिति में प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागियों को सम्मानित किया।